संख्या-164/2015/344/71-1-2015-जी-106/2015

प्रेषक,

राजकुमार सिंह,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 19 अक्टूबर, 2015

विषय:- चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय में पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/नजा0/2015/214, दिनॉक 12-02-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, उ0प्र0 के बढ़े हुए कार्यो के दृष्टिगत महानिदेशलय स्तर पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार विभिन्न श्रेणी के नियमित वेतनमान में कुल 12 पदों के सृजन की सहर्ष स्वीकृति दिनॉक 29-02-2016 तक के लिए, यदि इससे पूर्व ये पद बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जाए, प्रदान करते है:-

क्र0सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	रू0 9300-34800, ग्रेड वेतन-4800, वेतन बैण्ड-2	01
2	प्रशासनिक अधिकारी	रू0 9300-34800, ग्रेड वेतन-4600, वेतन बैण्ड-2	01
3	प्रधान सहायक	रू0 9300-34800, ग्रेड वेतन-4200, वेतन बैण्ड-2	01
4	वरिष्ठ सहायक	रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन-2800, वेतन बैण्ड-1	05
5	कनिष्ठ सहायक	रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन-2000, वेतन बैण्ड-1	04
		कुल पद-	12

2- उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित 08 कार्मिकों की सेवायें आउट सोर्सिंग के माध्यम से ली जायेगी:-

क्र0सं0	पदनाम	पदों की संख्या
1	वाहन चालक	02
2	चतुर्थ श्रेणी कार्मिक	06
	कुल पद-	08

3- उक्त सृजित पदों पर चयन/नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया, आरक्षण नियमों एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- इस संबंध में होने वाला व्यय चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनेत्तर-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-निदेशन-01-वेतन आदि" सुसंगत मदों के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-1350/दस-2015, दिनॉक 16 अक्टूबर 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(राजकुमार सिंह)
विशेष सचिव

संख्या:-164/2015/344(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- नियोजन अनुभाग-4
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।